प्रस्ताव

# 6

चुनिंदा सड़क मरम्मत और परिवहन फंडिंग को समाप्त करता है। ईंधन करों और वाहन शुल्कों के लिए मतदाताओं से अनुमोदन आवश्यक बनाता है। पहल संवैधानिक संशोधन।

## ★ प्रस्ताव 6 के पक्ष में तर्क ★

*आपके द्वारा गैसोलीन के लिए अदा की जाने वाली कीमत को तुरंत कम करने* के लिए प्रस्ताव 6 के लिए हाँ का मतदान करें।

प्रस्ताव 6 दो कार्य करता है। यह पिछले वर्ष ही विधान मंडल द्वारा गैस, डीज़ल और गाड़ियों के कर में की गई भारी बढ़ोत्तरी का खंडन करता है। दूसरा, यह विधान मंडल द्वारा भविष्य में दुबारा ऐसा करने की कोशिश के लिए मतदाताओं के अनुमोदन की मांग करता है। बस यही।

नीचे इसके कारण दिए गए हैं कि प्रस्ताव 6 आपके हाँ के मतदान के योग्य क्यों है:

तथ्य: Californiaमें जीवन निर्वाह खर्चे आसमान छू रहे हैं और श्रमिक परिवार मुश्किल से निर्वाह कर पा रहे हैं। गैस और गाड़ी के कर में नई बढ़ोत्तरी चार सदस्यों के एक परिवार को प्रति वर्ष $500 से अधिक महंगी पड़ सकती है। यह कोई छोटी मात्रा नहीं है, यह वास्तविक धन है।

तथ्य: गैस कर मे बढ़ोत्तरी अनुचित है। यह एक पतनशील कर है जो अमीर लोगों की तुलना में श्रमिक परिवारों और गरीबों को अधिक आघात पहुंचाता है।

तथ्य: California वासी गैस के प्रत्येक गैलन के लिए सरकार को 95.5 सेंट का भुगतान करते हैं। यह लगभग *विशिष्ट फिल-अप पर करों और शुल्क में $18 है*—अन्य राज्यों में गाड़ी चालकों द्वारा अदा की जाने वाली राशि से बहुत ज़्यादा।

तथ्य: California के पास $16 बिलियन का अतिरिक्त बजट है, लेकिन Sacramento के राजनेताओं ने इस वर्ष सड़कों, पुलों और हाईवे में सुधार करने की बजाय उनकी पालतू परियोजनाओं पर अरबों खर्च करने का निर्णय लिया। वास्तव में, विधान मंडल ने असल में पिछले दस वर्षों में Caltrans निधि को 18 प्रतिशत कम कर दिया है।

तथ्य: राज्य द्वारा एकत्र किए गए 72% राज्य मोटर वाहनों से संबंधित कर और शुल्क गलियों, सड़कों और हाईवे के बजाय अन्य कार्यक्रमों के लिए उपयोग किए जाते हैं। परिवहन निधियों के कपटी खेल को अंत करने का समय आ गया है।

*(इन तथ्यों की जांच करें और GiveVotersAVoice.com)* पर अधिक जानें

विरोधियों के हाथों मूर्ख ना बनें जो यह दावा करते हैं कि प्रस्ताव 6 के पारित हो जाने पर सड़कों की मरम्मत करने के लिए कोई धन नहीं होगा। यदि इस नई कर बढ़ोत्तरी के प्रभावी होने से *पहले* हमारे द्वारा अदा किए गए परिवहन-संबंधी कर और शुल्क परिवहन पर खर्च किए होते—तो राज्य के पास करों में बढ़ोत्तरी किए *बिना* परिवहन आवश्यकताओं के लिए वार्षिक $5.6 बिलियन होते।

इसीलिए निष्पक्ष परिवहन विशेषज्ञ इस बात पर सहमत होते हैं कि विधान मंडल को खर्च प्राथमिकता के आधार पर करने की आवश्यकता है और सड़कों की मरम्मत करने के लिए गैस और गाड़ियों के कर में बढ़ोत्तरी करना आवश्यक नहीं है।

*"परिवहन पर खर्च हो रहे करदाताओं के डॉलरो की फिज़ूलखर्ची प्रसिद्ध है। California की सड़के बेहतरीन हो सकती थी केवल यदि इसने मूल सुधारों को अपनाया होता"*—Robert K. Best, Caltrans के पूर्व निदेशक

10 वर्षोंमें गैस और गाड़ियो के करों में $52 बिलियन की बढ़ोत्तरी करने से पहले, विधान मंडल को उस भ्रष्टाचार और अक्षमता का सफाया करना चाहिए जिसके परिणामस्वरूप California को हाईवे सड़कों का निर्माण करने के लिए राष्ट्रीय औसत से 62% अधिक खर्च करना पड़ता है।

गैस की कीमतों से दुखी लगभग लाखों California वासियों—छोटे कारोबार स्वामियों, अध्यापकों, सेवानिवृत्त लोगों, यूनियन के सदस्यों ने—प्रस्ताव 6 को मतपत्र में रखने के लिए याचिका पर हस्ताक्षर किए।

गैस और गाड़ियों के कर पर अनावश्यक बढ़ोत्तरी का खंडन करते हुए अपने परिवार के लिए प्रति वर्ष सैंकड़ों डॉलर बचाने के लिए—और हमारी परिवहन निधियों के साथ खिलवाड़ कर रहे Sacramento के राजनेताओं के कपटी खेल का अंत करने के लिए प्रस्ताव 6 पर हाँ का मतदान करें।

*California की संघर्ष कर रही मध्यम श्रेणी और श्रमिक परिवारों के निर्वाह होने में सहायता करने के लिए प्रस्ताव 6 पर हाँ का मतदान करें।*

यह मांग करने के लिए प्रस्ताव 6 पर हाँ का मतदान करें कि राजनेता हमारे परिवहन कर के डॉलरों को नियत और वादा किए अनुसार खर्च करें—हमारी सड़कों, हाईवे, और पुलों का रखरखाव करने के लिए।

*तुरंत गैस की कीमतें कम करने के लिए प्रस्ताव 6 पर हाँ का मतदान करें।*

**JOHN COX,** माननीय अध्यक्ष
मतदाताओं को अपनी बात कहने दें—प्रस्ताव 6 पर हाँ

**DELORES CHAVEZ,** अध्यक्ष
लैटिनो अमेरिकन राजनीतिक संगठन

**PEGGI BUFF,** अध्यक्ष
California महिला नेतृत्व संगठन

## ★ प्रस्ताव 6 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

देखिए कहीं भरम में न पड़ जाएं। राज्य के बाहर के राजनेताओं और विशेष हितधारकों ने प्रस्ताव 6 को मतपत्र पर रखने के लिए लाखों खर्च किए हैं। प्रस्ताव 6 हमारे पुलों, सड़कों और परिवहन व्यवस्था को कम सुरक्षित बना देगा, और सड़कों के और खराब होने पर हमें अंततः में अधिक खर्च करना पड़ेगा।

तथ्य: प्रस्ताव 6 में एक भी ऐसा प्रावधान नहीं है जिससे यह सुनिश्चित होगा कि हमारी गैस कीमतों को घटाया जाएगा।

तथ्य: मतदाताओं ने जून में Sacramento के राजनेताओं को परिवहन निधियों का छापा मारने से रोकने और यह सुनिश्चित करने कि इन निधियों का प्रयोग केवल परिवहन सुधारों के लिए किया जाए, खुशी-खुशी प्रस्ताव 69 पारित किया।

तथ्य: प्रस्ताव 6 *मौजूदा परिवहन निधि* में वार्षिक तौर पर $5 बिलियन समाप्त करता है और वर्तमान में सारे California में *चल रही* 6,500 से अधिक स्थानीय परिवहन परियोजनाओं को जोखिम में डाल देगा। अब प्रगति को रोकने का समय नहीं है।

तथ्य: प्रस्ताव 6 सार्वजनिक सुरक्षा को जोखिम में डालता है। California में 1,600 से अधिक पुल और हवाई पुल हैं जो संरचनात्मक दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं, और 89% काउंटीज़ में ऐसी सड़कें हैं जिनकी स्थिति को "खराब" और "जोखिम भरा" दर्जा दिया गया है। प्रस्ताव 6 पुलों और हवाई पुलों में सुरक्षा मरम्मतों करने वाली और खतरनाक सड़कों की मरम्मत करने वाली परियोजनाओं को समाप्त करता है।

तथ्य: प्रस्ताव 6 के कारण गाड़ियों के चालकों को अंततः अधिक खर्च पड़ेगा। सामान्य चालक खराब सड़कों के कारण हुए फ्रंट एंड अलाइंमेंटों, शॉक और टायरों की मरम्मतों जैसे वाहन खर्चों पर प्रति वर्ष $739 खर्च करता है। यह विधेयक सड़कों की स्थितियों को और खराब कर देगा और हम सभी कोअनपेक्षित वाहन मरम्मतों पर अधिक खर्च करना पड़ेगा।

प्रस्ताव 6 का 200 से अधिक संस्थाओं ने विरोध किया है, जिनमें निम्न शामिल हैं:
• California पेशेवर अग्निशामक दल • American Society of Civil Engineers • League of Women Voters of California • California वाणिज्य मंडल • California पारगमन संगठन • Congress of California Seniors • California यूनाइटेड लैटिन अमेरिकी नागरिकों की लीग • Latin Business Association • California राजमार्ग गश्ती पुरुषों का संगठन

प्रस्ताव 6 को अस्वीकार करें—पुल और सड़क सुरक्षा पर हमले को रोकें।

*www.NoProp6.com*

**BRIAN K. RICE,** अध्यक्ष
California पेशेवर अग्निशामक दल

**MARK GHILARDUCCI,** निदेशक
California आपातकालीन सेवाओं का कार्यालय

**YVONNE GONZALEZ DUNCAN,** राज्य निदेशक
California यूनाइटेड लैटिन अमेरिकी नागरिकों की लीग (CA LULAC)


*इस पृष्ठ पर तर्क बहसें लेखकों के विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है।*

## ★ प्रस्ताव 6 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 6 पर ना का मतदान करें: पुल और सड़क सुरक्षा पर हमले को रोकें

California का पेशेवर अग्निशामक दल, California का राजमार्ग गश्ती दल संगठन, अमेरिकन सोसायटी ऑफ सिविल इंजीनियर्स और सबसे पहले प्रत्युत्तर करने वाले प्रस्ताव 6 पर ना के लिए अनुरोध करते हैं क्योंकि यह आवश्यक परिवहन परियोजनाओं को रोक देगा और हमारे पुलों और सड़कों की सुरक्षा को जोखिम में डाल देगा।

प्रस्ताव 6 सड़कों, पुलों और आधारिक संरचना की मरम्मत के लिए समर्पित *मौजूदा निधियों* में वार्षिक $5 बिलियन को समाप्त करता है। प्रस्ताव 6 भूकंप सुरक्षा मापदंडों को पूरा करने के लिए और हमारी सड़कों की सुरक्षा में सुधार करने के लिए पुलों और हवाई पुलों को अपग्रेड करने के लिए सारे California में *वर्तमान में चल रही* परियोजनाओं को रोक देगा।

नीचे तथ्य दिए गए हैं: • California में 1,600 से अधिक पुल और हवाई पुल हैं जो संरचनात्मक दृष्टि से त्रुटिपूर्ण और असुरक्षित हैं। • नवासी प्रतिशत (89%) काउंटीज़ में ऐसी सड़कें हैं जो 'खराब' या 'जोखिम भरी' स्थिति में हैं। • राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात सुरक्षा व्यवस्थापन के अनुसार, 2016 में California की सड़कों पर 3,600 से अधिक मौतें हुई। सड़क की स्थितियों और सड़क सुरक्षा विशेषताओं में सुधार करने का ट्रैफ़िक की सुरक्षा में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण प्रभाव पाया गया है।

प्रस्ताव 6, 6,500 से अधिक सड़क सुरक्षा और परिवहन सुधार परियोजनाओं के लिए निधियों को समाप्त करता है।

California राज्य परिवहन एजेंसी के अनुसार, California के *प्रत्येक* समुदाय में 6,500 से अधिक स्थानीय परिवहन सुधार परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जिनमें निम्न शामिल हैं: • गड्ढों की मरम्मत और कमज़ोर, असुरक्षित सड़कों का पुन: निर्माण करती हुई 3,727 परियोजनाएं • 554 पुलों और हवाई पुलों की मरम्मत और प्रतिस्थापन • सार्वजनिक परिवहन ऑपरेशनों और सेवाओं सहित बसों और रेल में 453 सुधार • अधिक ट्रैफ़िक का समाधान करती हुई 337 परियोजनाएं

यदि प्रस्ताव 6 पारित हो जाता है, तो राज्य भर में शहरों और काउंटीज़ में निर्माण कार्य रूक जाएंगे, जिससे पैसों की बर्बादी होगी और सड़कों की स्थिति और भी खराब हो जाएगी।

मतदाता सड़क निधिकरण को समर्पित करने के लिए ऊंचा और स्पष्ट बोले

मतदाताओं ने जून में Sacramento के राजनेताओं को परिवहन निधियों का छापा मारने से रोकने और यह सुनिश्चित करने कि इन निधियों का प्रयोग केवल परिवहन सुधारों के लिए किया जाए, खुशी-खुशी प्रस्ताव 69 पारित किया।

हमें उन परिवहन राजस्वों को समाप्त नहीं करना चाहिए जिनकी ज़िम्मेदारी करदाताओं पर है, जिनको वंचित नहीं किया जा सकता, और जिनको मतदाताओं ने खुशी-खुशी हमारी सड़कों की मरम्मत करने के लिए समर्पित किया।

प्रस्ताव 6 हज़ारों नौकरियां समाप्त करता है और हमारी अर्थव्यवस्था को क्षति पहुंचाता है

California वाणिज्य मंडल प्रस्ताव 6 का विरोध करता है क्योंकि यह वार्षिक तौर पर 68,000 नौकरियां और आर्थिक निवेशों में $183 बिलियन समाप्त कर सकता है क्योंकि हज़ारों सड़क निर्माण परियोजनाएं रूक जाते हैं।

जन सुरक्षा और स्थानीय नेता प्रस्ताव 6 का विरोध करते हैं

• California पेशेवर अग्निशामक दल • California राजमार्ग गश्ती पुरुषों का संगठन • अमेरिकन सोसाइटी ऑफ सिविल इंजीनियर्स • आपातकालीन स्थितियों में प्रत्युत्तर करने वाले और पराचिकित्सक • California वाणिज्य मंडल • California संरक्षण मतदाता लीग • California की राज्य निर्माण और निर्माण व्यापार परिषद • California काउंटीज़ का राज्य संगठन • League of California Cities • California Alliance for Jobs • Latin Business Association • California एनएएसीपी (NAACP) • California वरिष्ठ नागरिकों की कांग्रेस • California यूनाइटेड लैटिन अमेरिकी नागरिकों की लीग (LULAC)

*"आपातकालीन स्थितियों में प्रत्युत्तर करने वाले कमज़ोर सड़कों, संरचनात्मक दृष्टि से असुरक्षित पुलों और पुराने ढंग की आधारिक संरचना से उत्पन्न हुए चालकों के लिए सुरक्षा जोखिमों को प्रत्यक्ष रूप से देखते हैं। हज़ारों परिवहन सुधार परियोजनाओं को रोककर, प्रस्ताव 6 हमारी सड़कों, पुलों और परिवहन व्यवस्था को कम सुरक्षित बना देगा और अधिक ट्रैफ़िक दुर्घटनाओं और मौतों का कारण बनेगा।"*— Mark Ghilarducci, निदेशक, California आपातकालीन सेवाओं का कार्यालय

पुल और सड़क सुरक्षा पर हमले को रोकें। 6 पर नहीं में मतदान करें।

*NoProp6.com*

**BRIAN K. RICE,** अध्यक्ष
California पेशेवर अग्निशामक दल

**KWAME AGYARE,** क्षेत्र निदेशक
अमेरिकन सोसाइटी ऑफ सिविल इंजीनियर्स

**DOUG VILLARS,** अध्यक्ष
California राजमार्ग गश्ती पुरुषों का संगठन

## ★ प्रस्ताव 6 के विरूद्ध तर्क का खंडन ★

California में निर्वाह खर्च पहले ही बहुत अधिक है। आपके द्वारा पंप पर अदा की जाने वाली कीमत को तुरंत कम करने के लिए प्रस्ताव 6 के लिए हाँ का मतदान करें।

विशेष हितधारकों के विरोधियों के हाथों मूर्ख ना बनें जो यह दावा कर रहे हैं कि कर बढ़ाए बिना पुलों और सड़कों की मरम्मत करने के लिए कोई धन है। नीचे तथ्य दिए गए हैं:

- राज्य सरकार के पास $16 बिलियन का अतिरिक्त बजट है, लेकिन विधान मंडल ने सड़कों, पुलों और हाईवे में सुधार करने की बजाय उनकी पसंदीदा परियोजनाओं पर अरबों खर्च करने का निर्णय लिया।
- Sacramento के राजनेताओं ने पिछले दस वर्षों में Caltrans निधि को 18 प्रतिशत कम कर दिया है। 72% राज्य मोटर वाहनों से संबंधित कर और शुल्क गलियों, सड़कों और हाईवे के बजाय अन्य कार्यक्रमों के लिए उपयोग किए जाते हैं।
- खपतकारों पर अधिक ईंधन कर लगाए जा रहे हैं, जिससे हमारे द्वारा खरीदी जाने वाली प्रत्येक वस्तु का मूल्य बढ़ जाता है। California पहले ही बहुत महंगा है। कर में यह भारी बढ़ोत्तरी स्थितियों को और भी खराब कर देती है।

एक और बात जो राजनेता आपको नहीं बता रहे हैं:

विधान मंडल के गैस कर बिल में एक अनुच्छेद छुपा है जो लोगों के मत के बिना प्रत्येक वर्ष अपने आप कर में बढ़ोत्तरी करने देता है।

California के बहुत सारे निवासी पहले ही महंगे जीवन-निर्वाह के साथ संघर्ष कर रहे हैं। प्रस्ताव 6 California को और किफायती बनाने में सहायता करने के लिए केवल दो कार्य करता है:

पहले, यह गैस और गाड़ियों के कर में अनुचित और भारी बढ़ोत्तरी का खंडन करता है।

दूसरा, यह राजनेताओं द्वारा गैस और गाड़ियों के कर में दुबारा बढ़ोत्तरी करने की कोशिश से पहले लोगों के मत की मांग करता है।

गैस की कम कीमतों के लिए प्रस्ताव 6 पर हाँ का मतदान करें! अधिक जानने के लिए *www.GiveVotersAVoice.com* और *www.GasTaxRepeal.org* पर जाएं।

**JON COUPAL,** अध्यक्ष
Howard Jarvis करदाता संगठन

**JOHN KABATECK,** California निदेशक
स्वतंत्र व्यापार का राष्ट्रीय संघ

**JESSE ROJAS,** अध्यक्ष
California फार्मवर्कर्स और परिवार PAC

*इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों के विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है।*